-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 08.09.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा गुम हुयी 02 वर्षीय बच्ची को 02 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 08.09.2025 थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा 02 वर्षीय बच्ची को 02 घंटे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि कस्बा तिंदवारी कि रहने वाली रेखा पत्नी रामनरेश प्रजापति ने थाना तिंदवारी में सूचना दी कि उनकी 02 वर्षीय पुत्री कहीं खेलते खेलते गुम हो गई है। सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक तिंदवारी द्वारा टीम का गठन करते हुए गुम हुई बच्ची को 02 घंटे के अन्दर तिंदवारी बबेरू तिराहा से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा बच्ची को सकुशल उसकी माँ को सुपुर्द किया गया तत्पश्चात परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया।

पुलिस टीम-

1. श्री सुरेश कुमार सैनी प्र0नि0 तिंदवारी
2. हे0कां0 बृजेश कुमार
3. म0कां0 संतोषी लोधी